सं. ए.12026/1/2015-स्थापना-III
भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

निर्माण भवन, नई दिल्ली
दिनांकः 11 जनवरी.16

## रिक्ति संबंधी परिपत्र

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में केन्द्र/राज्य सरकार के अधिकारियों में से पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि अनुबंध सहित) आधार पर रुपए 4600/- के ग्रेड पे के साथ वेतन बैंड-2, रूपए 9300-34800 के वेतनमान में सहायक संपादक (अंग्रेजी) का रिक्त पद भरने का प्रस्ताव हैः

(क) (i) नियमित आधार पर समकक्ष पदधारक, अथवा

(ii) ग्रेड वेतन रुपए 4200 के साथ पीबी-2 के पद में तीन वर्षों की नियमित सेवा के साथ अथवा समकक्ष; और

(ख) निम्नलिखित योग्यताएं और अनुभव रखने वाले जैसा कि नीचे निर्धारित किया गया हैः

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा समकक्ष से अंग्रेजी में बी.ए. (आनर्स);

(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान अथवा समकक्ष से पत्रकारिता या मास-कम्युनिकेशन में डिग्री या समकक्ष डिप्लोमा;

(iii) किसी प्रचार-प्रसार संगठन या सरकारी संगठन में प्रचार-प्रसार/कार्य का अथवा न्यूज एजेंसी के समाचार पत्र में अंग्रेजी में पत्रकारिता कार्य का 3 वर्ष का अनुभव।

टिप्पणीः उसी अथवा किसी अन्य संगठन/केन्द्र सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व धारित किसी भी अन्य संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित उक्त प्रतिनियुक्ति की अवधि 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्त/संविदा द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन पत्र की प्राप्ति की अंतिम तारिख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

2. यह अनुरोध किया जाता है कि उचित माध्यम के जरिए संलग्न प्रपत्र में इच्छुक और पात्र आधिकारियों के आवेदन पत्र अग्रेषित करें ताकि रोजगार समाचार में इस परिपत्र के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर यह अधोहस्ताक्षरी को मिल जाए। आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय यह सुनिश्चित करने का कष्ट करें कि अभ्यर्थियों का ब्यौरा सत्यापित कर दिया गया हो। आवेदन पत्रों को निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ अग्रेषित किया जाना चाहिएः-

(i) गत पांच वर्षों के एसीआर की मूल/सत्यापित प्रतियां;

(ii) सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र

(iii) सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र

(iv) गत दस वर्षों में छोटी-बड़ी कोई शास्ति न लगाए जाने के प्रमाण पत्र

3. उपर्युक्त दस्तावेजों के बिना अथवा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

संलग्नकः- आवेदन पत्र का प्रोफार्मा

अवधेश कुमार सिंह

(ए.के.सिंह )
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं.- (011) 23061323

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (मानक सूची के अनुसार)
2. स्वास्थ्य विभाग के सभी अनुभाग/डेस्क/प्रकोष्ठ/इकाई।
3. स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, प्रशासन-1/2 अनुभाग/ओ एंड एम अनुभाग, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
4. सहायक निदेशक, रोजगार समाचार, ईस्ट ब्लॉक-IV, स्तर-5, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066। अनुरोध है कि इस परिपत्र को इस मंत्रालय को सूचित करते हुए रोजगार समाचार पत्र के नवीनतम अंक में प्रकाशित किया जाए।
5. निदेशक (बीओपी), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, नई दिल्ली, इस अनुरोध के साथ कि इसे मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए।
6. निदेशक (आईएफडी), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग।
7. नोटिस बोर्ड/गार्ड फाइल।

